एन0एन0एन0आर0 कॉलेज, चमथा, बेगूसराय

कृपया निम्न सूचना को ध्यानपूर्वक पढ़े।

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा आयोजित, 2025 की वार्षिक इंटर परीक्षा में शामिल होने हेतु इंटर में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है, छात्रों द्वारा रजिस्ट्रेशन करने हेतु बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना ने **06 दिसम्बर, से 14 दिसम्बर** तक तिथि निर्धारित कर दी है, जिसके लिए महाविद्यालय प्रबंधन ने ग्यारहवीं में होने वाले नामांकन की तरह रजिस्ट्रेशन में भी ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करने की सुविधा उपलब्ध करायी है, जिसमें छात्र घर बैठे अपने मोबाईल/अपने कम्प्युटर अथवा किसी साइबर कैफे पर जाकर अपना–अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें महाविद्यालय आने की जरूरत नहीं है। ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन के पश्चात् शुल्क जमा करने का रसीद भी उन्हें हाथों–हाथ कम्प्युटर से ही प्राप्त हो जायेगा।

रजिस्ट्रेशन हेतु छात्रों को 11वीं में नामांकन के समय बोर्ड द्वारा जो इंटीमेशन लेटर प्राप्त हुआ था, उसमें दिए गए **Reference ID (23J.....)** तथा छात्र का नाम रजिस्ट्रेशन होम पेज पर अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में डालना होगा, तत्पश्चात रजिस्ट्रेशन होम पेज खुल जाएगा, उसके बाद छात्रगण अपना–अपना डीटेल्स मैट्रिक में दिए गए प्रमाण–पत्र में अंकित स्पेलिंग के अनुसार ही सावधानीपूर्वक भरेंगें।

रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरने से पूर्व छात्रगण निम्न कागजात अपने पास सुरक्षित रख लें।

(1) 11वीं नामांकन के समय बिहार बोर्ड द्वारा निर्गत इंटीमेशन लेटर।

(2) छात्र का रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो (एक प्रति)।

(3) 10वीं के अंक पत्र की छायाप्रति।

(4) आधार कार्ड की छायाप्रति।

(5) बैंक अकाउन्ट पासबुक की छायाप्रति।

(6) 10वीं रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति।

(7) छात्र के हिन्दी और अंग्रेजी मे) हस्ताक्षर का Specimen.

नोट :– जो छात्र–छात्राएँ नामांकन के उपरांत अभी तक कॉलेज में अपना मूल एस0एल0सी0/टी0सी0 जमा नहीं किए हैं। उनका पेज ब्लॉक रहेगा, वैसे छात्र रजिस्ट्रेशन नही कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें कॉलेज से सम्पर्क करना होगा।

रजिस्ट्रेशन शुल्क में बिहार बोर्ड से Xth उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को छोड़कर Other Board वाले छात्र–छात्राओं को सामान्य शुल्क से 200/–रू0 अतिरिक्त Immigration शुल्क देय होगा। इसके अतिरिक्त इस शुल्क में महाविद्यालय द्वारा निर्गत परिचय पत्र शुल्क तथा जिस छात्र पर परीक्षा फीस बकाया है, उसका शुल्क भी जुड़ा हुआ है। जो छात्र परीक्षा शुल्क जमा कर चुके हैं, उन्हें मात्र रजिस्ट्रेशन का सामान्य शुल्क तथा परिचय पत्र शुल्क ही देय होगा।

नोट :– महाविद्यालय में किसी को भी नगद राशि न दें, इस महाविद्यालय में सभी शुल्क ऑनलाईन ही, नेट बैंकिंग/डेबिड कार्ड/क्रेडिट कार्ड आदि से ही जमा किया जाना है, जो सीधे महाविद्यालय के खाता में जाएगा और आपको हाथों–हाथ रसीद मिल जाएगा।

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात प्रिंटेड दो हार्ड कॉपी आपको मिलेगा, जिसमें एक "Student Copy" तथा दूसरा "College Copy" होगा। College Copy, कॉलेज पर जाकर प्रो0 अरविन्द कुमार सिंह अथवा प्रधान लिपिक इंद्रमणी सिंह के पास जमा कर दें तथा Student Copy पर उनसे साईन करा कर स्वयं अपने पास भविष्य के लिए सुरक्षित रख लें।